**भारत सरकार**

**विदेश मंत्रालय**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 472**

**दिनांक 05.02.2020 को उत्तर देने के लिए**

**पासपोर्ट जारी करने को सरल बनाना**

**472. श्री अरुण सावः**

क्या **विदेश मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पासपोर्ट जारी करने और नए पासपोर्ट कार्यालयों की स्थापना के लिए प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए कोई योजना बनाई है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या मंत्रालय ने जिलों के मुख्य डाकघरों में पासपोर्ट सेवा केन्द्र खोले जाने हेतु कोई निदेश दिया है;

(घ) यदि हां, तो छत्तीसगढ़ सहित देश में अब तक स्थापित पासपोर्ट सेवा केन्द्रों का राज्य-वार और जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(ड.) सरकार द्वारा पासपोर्ट जारी करने की विद्यमान प्रक्रिया जिसमें काफी समय लगता है और जटिल है, में सुधार करने के लिए क्या अन्य कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**विदेश राज्य मंत्री**

**(श्री वी. मुरलीधरन)**

(क) और (ख) देश के गाँवों/सूदूर/ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए पासपोर्ट सेवाएं उनके समीप लाने हेतु डाक विभाग के सहयोग से डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र (पीओपीएसके) खोले जा रहे हैं। ये पीओपीएसके अन्य कार्यरत 93 पासपोर्ट सेवा केन्द्रों (पीएसके) की तरह कार्य कर रहे हैं। पीओपीएसके खुलने के पश्चात् पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया में कोई बदलाव नहीं आया है। पासपोर्ट पोर्टल के माध्यम से पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन करने वाले आवेदक अपॉइंटमेंट निर्धारित कर सकते हैं और उसके बाद पासपोर्ट सेवा केन्द्रों की तरह पासपोर्ट ही जारी करने से पूर्व आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए निर्धारित पीओपीएसके पर जा सकते हैं। पासपोर्ट जारी करने से पहले पीओपीएसके पर आवेदक के फोटोग्राफ, बायोमीट्रिक्स और समर्थनकारी दस्तावेज़ इलेक्ट्रॉनिक रूप से दर्ज किए जाएंगे।

(ग) 2014 से पहले, देश में 77 पासपोर्ट सेवा केन्द्र कार्य कर रहे थे। 2014 के पश्चात् इस सरकार ने 16 नए पासपोर्ट सेवा केन्द्र स्थापित किए। इसके पश्चात् वर्ष 2017 में डाक विभाग के सहयोग से ’डाकघर पासपोर्ट सेवा केन्द्र’ (पीओपीएसके) खोलने का निर्णय लिया गया, जिसके तहत 30 जनवरी, 2020 तक 424 पीओपीएसके स्थापित किए जा चुके हैं।

(घ) छत्तीसगढ़ सहित देश में खोले गए 517 पासपोर्ट सेवा केन्द्रों का विवरण अनुबंध – I में दिया गया है।

(ङ) मंत्रालय ने पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया को सरल बनाया है और पासपोर्ट हेतु दस्तावेज़ जमा कराने के लिए अप्वाईंटमेंट लेने सहित पूरी प्रक्रिया को ऑनलाइन किया है। पासपोर्ट सेवा प्रणाली किसी भी स्थान से हर समय उपलब्ध हो, यह सुनिश्चित करने के लिए एक प्रभावी तकनीकी अवसंरचना स्थापित की गई है। पासपोर्ट पोर्टल (www.passportindia.gov.in) का उपयोग कोई भी व्यक्ति कहीं भी और किसी भी समय कर सकता है। विशेषकर अंदरूनी ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल खाई को पाटने की चुनौतियों का सामना करने के उद्देश्य से मंत्रालय ने सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लिमिटेड (जो इलेक्ट्रोनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा प्रवर्तित है) के सहयोग से भीतरी ग्रामीण इलाकों में सामान्य सेवा केंद्रों (सीएससी) के विशाल नेटवर्क के माध्यम से पासपोर्ट आवेदनों को ऑनलाइन भरे जाने को सुविधाजनक बनाया है।

अब कोई भी आवेदक भारत में कहीं से भी पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकता है। लेकिन उसी थाने द्वारा पुलिस सत्यापन किया जाएगा जिसके अधिकार क्षेत्र में प्रपत्र में उल्लिखित पता आता है और पासपोर्ट भी उसी पते पर भेजा जाएगा।

एम-पासपोर्ट सेवा मोबाइल एप्प पासपोर्ट सेवाओं के लिए आवेदन करने, शुल्क का भुगतान करने तथा मिलने का समय निर्धारित करने में समर्थ बनाता है। यह पासपोर्ट संबंधी अन्य जानकारियाँ भी प्रदान करता है जिनमें पासपोर्ट सेवा केन्द्र (पीएसके) की अवस्थिति, लागू शुल्क, आवेदन जमा करने का तरीका और स्मार्ट फोन पर पासपोर्ट आवेदन की स्थिति का पता लगाने की सुविधा शामिल है। नागरिकों को पासपोर्ट सेवाओं हेतु आवेदन करने के लिए कंप्यूटर तथा प्रिंटर की आवश्यकता नहीं होगी।

पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीएसके)/डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र (पीओपीएसके) में पासपोर्ट आवेदन जमा कराने के लिए ऑनलाइन अप्वाईंटमेंट सुनिश्चित करने को आसान बनाया गया है। वर्तमान व्यवस्था में पासपोर्ट संबंधी सेवाओं के लिए अप्वाईंटमेंट निर्धारित/पुनर्निर्धारित करने के लिए आवेदकों को सबसे निकट उपलब्ध पांच तारीखों (कार्य दिवस) में से कोई एक अप्वाईंटमेंट तारीख चुनने का विकल्प होता है। पहले पासपोर्ट संबंधी सेवाओं हेतु अप्वाईंटमेंट प्राप्त करने की प्रणाली में आवेदक को केवल एक ही तारीख उपलब्ध कराई जाती थी।

पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया को कारगर, उदार और आसान बनाने के लिए, मंत्रालय ने पासपोर्ट नीति को सरल बनाने के लिए कई कदम उठाए हैं जो पासपोर्ट के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने वाले भारत के नागरिकों को लाभ पहुंचाएंगे। उठाए गए इन कदमों का ब्यौरा **अनुबंध - II** में दिया गया है।

****

# लोकसभा प्रश्न संख्या 472 से संबंधित अनुबंध

| कार्यरत पासपोर्ट सेवा केंद्रों की सूची (अनुबंध- I) | | | |
|---|---|---|---|
| क्रम संख्या | स्थान | राज्य /संघ शासित प्रदेश | पासपोर्ट कार्यालय |
| 1 | अनंतपुर | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 2 | बापतला | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 3 | चित्तूर | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 4 | गुडिवाडा | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 5 | गुंटूर | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 6 | हिन्दुपुर | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 7 | कडप्पा | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 8 | कोडुर | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 9 | कुरनूल | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 10 | नांदयाल | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 1 1 | नरासराओपेट | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 12 | नेल्लोर | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 13 | ओंगोल | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 14 | तिरुपति | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 15 | विजयवाड़ा | आंध्र प्रदेश | विजयवाड़ा |
| 16 | अमलापुरम | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 17 | भीमावरम | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 18 | एलुरु | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 19 | काकीनाडा | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 20 | राजमुंदरी | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 21 | श्रीकाकुलम | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 22 | विशाखापत्तनम | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 23 | विजयनगरम | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 24 | येलामंचिली | आंध्र प्रदेश | विशाखापत्तनम |
| 25 | चांगलांग | अरुणाचल प्रदेश | गुवाहाटी |
| 26 | ईटानगर | अरुणाचल प्रदेश | गुवाहाटी |
| 27 | खोंसा | अरुणाचल प्रदेश | गुवाहाटी |
| 28 | बारपेटा | असम | गुवाहाटी |
| 29 | धुबरी | असम | गुवाहाटी |
| 30 | डिब्रूगढ़ | असम | गुवाहाटी |
| 31 | गोलपाड़ा | असम | गुवाहाटी |
| 32 | गोलाघाट | असम | गुवाहाटी |
| 33 | गुवाहाटी | असम | गुवाहाटी |
| 34 | जोरहाट | असम | गुवाहाटी |
| 35 | कार्बी आंगलोंग | असम | गुवाहाटी |
| 36 | करीमगंज | असम | गुवाहाटी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 37 | कोकराझार | असम | गुवाहाटी |
| 38 | मंगलदोई | असम | गुवाहाटी |
| 39 | नवगाँग | असम | गुवाहाटी |
| 40 | उत्तर लखीमपुर | असम | गुवाहाटी |
| 41 | सिलचर | असम | गुवाहाटी |
| 42 | तेजपुर | असम | गुवाहाटी |
| 43 | तिनसुकिया | असम | गुवाहाटी |
| 44 | आरा | बिहार | पटना |
| 45 | औरंगाबाद | बिहार | पटना |
| 46 | बांका | बिहार | पटना |
| 47 | बेगूसराय | बिहार | पटना |
| 48 | बेतिया | बिहार | पटना |
| 49 | भागलपुर | बिहार | पटना |
| 50 | बक्सर | बिहार | पटना |
| 51 | छपरा | बिहार | पटना |
| 52 | डालमिया नगर | बिहार | पटना |
| 53 | दलसिंह सराय | बिहार | पटना |
| 54 | दरभंगा | बिहार | पटना |
| 55 | फारबिसगंज | बिहार | पटना |
| 56 | गया | बिहार | पटना |
| 57 | गोपालगंज | बिहार | पटना |
| 58 | हाजीपुर | बिहार | पटना |
| 59 | जहानाबाद | बिहार | पटना |
| 60 | जमुई | बिहार | पटना |
| 61 | कटिहार | बिहार | पटना |
| 62 | खगड़िया | बिहार | पटना |
| 63 | किशनगंज | बिहार | पटना |
| 64 | मधुबनी | बिहार | पटना |
| 65 | मनेर | बिहार | पटना |
| 66 | मोतिहारी | बिहार | पटना |
| 67 | मुंगेर | बिहार | पटना |
| 68 | मुजफ्फरपुर | बिहार | पटना |
| 69 | नालंदा | बिहार | पटना |
| 70 | नवादा | बिहार | पटना |
| 71 | पटना | बिहार | पटना |
| 72 | पूर्णिया | बिहार | पटना |
| 73 | सहरसा | बिहार | पटना |
| 74 | समस्तीपुर | बिहार | पटना |
| 75 | सासाराम | बिहार | पटना |
| 76 | शिवहर | बिहार | पटना |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 77 | सीतामढ़ी | बिहार | पटना |
| 78 | सिवान | बिहार | पटना |
| 79 | बिलासपुर | छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| 80 | दुर्ग | छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| 81 | जांजगीर-चंपा | छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| 82 | कोरबा | छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| 83 | रायगढ़ | छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| 84 | रायपुर | छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| 85 | राजनंदगांव | छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| 86 | सरगुजा | छत्तीसगढ़ | रायपुर |
| 87 | सिलवासा | दादर और नगर हवेली | मुंबई |
| 88 | दमन | दमन | मुंबई |
| 89 | हेराल्ड हाउस - आईटीओ | दिल्ली | दिल्ली |
| 90 | जनक पुरी | दिल्ली | दिल्ली |
| 91 | महरौली | दिल्ली | दिल्ली |
| 92 | नेहरू प्लेस | दिल्ली | दिल्ली |
| 93 | पटपड़गंज | दिल्ली | दिल्ली |
| 94 | आर के पुरम | दिल्ली | दिल्ली |
| 95 | शालीमार प्लेस | दिल्ली | दिल्ली |
| 96 | यमुना विहार | दिल्ली | दिल्ली |
| 97 | मडगाँव | गोवा | पणजी |
| 98 | पणजी | गोवा | पणजी |
| 99 | अमरेली | गुजरात | अहमदाबाद |
| 100 | आनंद | गुजरात | अहमदाबाद |
| 101 | भरूच | गुजरात | अहमदाबाद |
| 102 | भावनगर | गुजरात | अहमदाबाद |
| 103 | भुज | गुजरात | अहमदाबाद |
| 104 | छोटा उदयपुर | गुजरात | अहमदाबाद |
| 105 | दाहोद | गुजरात | अहमदाबाद |
| 106 | गांधीनगर | गुजरात | अहमदाबाद |
| 107 | गोधरा | गुजरात | अहमदाबाद |
| 108 | जामनगर | गुजरात | अहमदाबाद |
| 109 | जूनागढ़ | गुजरात | अहमदाबाद |
| 110 | खेड़ा | गुजरात | अहमदाबाद |
| 111 | मेहसाणा | गुजरात | अहमदाबाद |
| 112 | मिथाकली अहमदाबाद | गुजरात | अहमदाबाद |
| 113 | पालनपुर | गुजरात | अहमदाबाद |
| 114 | पाटन | गुजरात | अहमदाबाद |
| 115 | पोरबंदर | गुजरात | अहमदाबाद |
| 116 | राजकोट | गुजरात | अहमदाबाद |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 117 | साबरकांठा | गुजरात | अहमदाबाद |
| 118 | सुरेंद्रनगर | गुजरात | अहमदाबाद |
| 119 | वडोदरा | गुजरात | अहमदाबाद |
| 120 | वेरावल | गुजरात | अहमदाबाद |
| 121 | विजय क्रॉस रोड अहमदाबाद | गुजरात | अहमदाबाद |
| 122 | बारदोली | गुजरात | सूरत |
| 123 | नवसारी | गुजरात | सूरत |
| 124 | राजपिपला | गुजरात | सूरत |
| 125 | सूरत | गुजरात | सूरत |
| 126 | वलसाड | गुजरात | सूरत |
| 127 | लुधियाना | हरियाणा | चंडीगढ़ |
| 128 | अंबाला | हरियाणा | चंडीगढ़ |
| 129 | भिवानी महेंद्रगढ़ | हरियाणा | चंडीगढ़ |
| 130 | चंडीगढ़ | हरियाणा | चंडीगढ़ |
| 131 | हिसार | हरियाणा | चंडीगढ़ |
| 132 | कैथल | हरियाणा | चंडीगढ़ |
| 133 | करनाल | हरियाणा | चंडीगढ़ |
| 134 | पानीपत | हरियाणा | चंडीगढ़ |
| 135 | सिरसा | हरियाणा | चंडीगढ़ |
| 136 | यमुनानगर | हरियाणा | चंडीगढ़ |
| 137 | फरीदाबाद | हरियाणा | दिल्ली |
| 138 | गुडगाँव | हरियाणा | दिल्ली |
| 139 | नारनौल | हरियाणा | दिल्ली |
| 140 | रोहतक | हरियाणा | दिल्ली |
| 141 | सोनीपत | हरियाणा | दिल्ली |
| 142 | हमीरपुर | हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| 143 | कांगड़ा | हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| 144 | कुल्लू | हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| 145 | मंडी | हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| 146 | पालमपुर | हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| 147 | शिमला | हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| 148 | ऊना | हिमाचल प्रदेश | शिमला |
| 149 | जम्मू | जम्मू और कश्मीर | जम्मू |
| 150 | कठुआ | जम्मू और कश्मीर | जम्मू |
| 151 | राजौरी | जम्मू और कश्मीर | जम्मू |
| 152 | उधमपुर | जम्मू और कश्मीर | जम्मू |
| 153 | अनंतनाग | जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर |
| 154 | बारामूला | जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर |
| 155 | श्रीनगर | जम्मू और कश्मीर | श्रीनगर |
| 156 | बोकारो | झारखंड | रांची |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 157 | चाइबासा | झारखंड | रांची |
| 158 | देवघर | झारखंड | रांची |
| 159 | धनबाद | झारखंड | रांची |
| 160 | दुमका | झारखंड | रांची |
| 161 | गिरिडीह | झारखंड | रांची |
| 162 | गुमला | झारखंड | रांची |
| 163 | हजारीबाग | झारखंड | रांची |
| 164 | जमशेदपुर | झारखंड | रांची |
| 165 | झुमरी तिलैया | झारखंड | रांची |
| 166 | खूंटी | झारखंड | रांची |
| 167 | मेदिनीनगर | झारखंड | रांची |
| 168 | रांची | झारखंड | रांची |
| 169 | साहिबगंज | झारखंड | रांची |
| 170 | सिमरिया | झारखंड | रांची |
| 171 | कालाबुर्गी | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 172 | अंकोला | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 173 | बागलकोट | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 174 | बेलगावी | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 175 | बेल्लारी | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 176 | बीदर | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 177 | चामराजनगर | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 178 | चन्नापटना | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 179 | चिकबल्लापुर | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 180 | चिक्कोडी | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 181 | चित्रदुर्ग | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 182 | दावणगेरे | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 183 | गडग | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 184 | हासन | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 185 | हुबली - धारवाड़ | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 186 | जलाहली | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 187 | कोप्पल | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 188 | लालबाग | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 189 | मद्दुर | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 190 | मंगलुरु | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 191 | मैसूर | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 192 | रायचुर | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 193 | रॉबर्टसोनपेट | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 194 | साई आर्केड | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 195 | शिवमोगा | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 196 | तुमाकुरू | कर्नाटक | बेंगलुरु |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 197 | उडुपी | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 198 | विजयपुर | कर्नाटक | बेंगलुरु |
| 199 | अलापुझहा | केरल | कोचीन |
| 200 | अलुवा | केरल | कोचीन |
| 201 | चेंगानुर | केरल | कोचीन |
| 202 | कट्टाप्पना | केरल | कोचीन |
| 203 | कोट्टायम | केरल | कोचीन |
| 204 | नेनमारा | केरल | कोचीन |
| 205 | पलक्कड़ | केरल | कोचीन |
| 206 | त्रिशूर | केरल | कोचीन |
| 207 | त्रिपुनिथुरा | केरल | कोचीन |
| 208 | कन्नूर | केरल | कोझिकोड |
| 209 | कासरगोड | केरल | कोझिकोड |
| 210 | कोझिकोड | केरल | कोझिकोड |
| 211 | मलप्पुरम | केरल | कोझिकोड |
| 212 | पैय्यानूर | केरल | कोझिकोड |
| 213 | वडाकरा | केरल | कोझिकोड |
| 214 | अतिंगल | केरल | तिरुवनंतपुरम |
| 215 | कोल्लम | केरल | तिरुवनंतपुरम |
| 216 | नेयात्तिनकरा | केरल | तिरुवनंतपुरम |
| 217 | पथनमथिट्टा | केरल | तिरुवनंतपुरम |
| 218 | वज़हुथाकॉड | केरल | तिरुवनंतपुरम |
| 219 | लेह | लद्दाख | श्रीनगर |
| 220 | कावारत्ती | लक्षद्वीप | कोचीन |
| 221 | बालाघाट | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 222 | बेतुल | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 223 | भोपाल | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 224 | छतरपुर | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 225 | छिंदवाड़ा | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 226 | दमोह | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 227 | देवास | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 228 | धार | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 229 | ग्वालियर | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 230 | होशंगाबाद | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 231 | इंदौर | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 232 | जबलपुर | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 233 | रतलाम | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 234 | रीवा | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 235 | सागर | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 236 | सतना | मध्य प्रदेश | भोपाल |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 237 | टीकमगढ़ | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 238 | उज्जैन | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 239 | विदिशा | मध्य प्रदेश | भोपाल |
| 240 | अंधेरी | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 241 | औरंगाबाद | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 242 | भिवंडी | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 243 | भुसावल | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 244 | धुले | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 245 | जलगांव | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 246 | लोअर परेल | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 247 | मलाड | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 248 | नासिक | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 249 | राजापुर | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 250 | सांता क्रुज़ | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 251 | सायन | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 252 | ठाणे | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 253 | वाशी | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 254 | विक्रोली | महाराष्ट्र | मुंबई |
| 255 | अहमदनगर | महाराष्ट्र | पुणे |
| 256 | बारामती | महाराष्ट्र | पुणे |
| 257 | बीड | महाराष्ट्र | पुणे |
| 258 | इचलकरंजी | महाराष्ट्र | पुणे |
| 259 | जलना | महाराष्ट्र | पुणे |
| 260 | कोल्हापुर | महाराष्ट्र | पुणे |
| 261 | लातूर | महाराष्ट्र | पुणे |
| 262 | माढा | महाराष्ट्र | पुणे |
| 263 | नांदेड़ | महाराष्ट्र | पुणे |
| 264 | उस्मानाबाद | महाराष्ट्र | पुणे |
| 265 | पंढरपुर | महाराष्ट्र | पुणे |
| 266 | परभनी | महाराष्ट्र | पुणे |
| 267 | पिंपरी चिंचवाड़ | महाराष्ट्र | पुणे |
| 268 | पुणे | महाराष्ट्र | पुणे |
| 269 | सांगली | महाराष्ट्र | पुणे |
| 270 | सतारा | महाराष्ट्र | पुणे |
| 271 | शिरुर | महाराष्ट्र | पुणे |
| 272 | सोलापुर | महाराष्ट्र | पुणे |
| 273 | श्रीरामपुर | महाराष्ट्र | पुणे |
| 274 | अकोला | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 275 | अमरावती | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 276 | भंडारा | महाराष्ट्र | नागपुर |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 277 | बुलढाना | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 278 | चंद्रपुर | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 279 | गढ़चिरोली | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 280 | हिंगोली | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 281 | कटौल | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 282 | नागपुर | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 283 | वर्धा | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 284 | यवतमाल | महाराष्ट्र | नागपुर |
| 285 | इंफाल | मणिपुर | गुवाहाटी |
| 286 | काकचिंग | मणिपुर | गुवाहाटी |
| 287 | शिलांग | मेघालय | गुवाहाटी |
| 288 | तुरा | मेघालय | गुवाहाटी |
| 289 | आइजोल | मिजोरम | गुवाहाटी |
| 290 | दीमापुर | नगालैंड | गुवाहाटी |
| 291 | अस्का | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 292 | बालासोर | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 293 | बारगढ़ | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 294 | बारीपदा | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 295 | बेरहामपुर | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 296 | भद्रक | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 297 | भवानीपटना | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 298 | भुवनेश्वर | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 299 | बोलंगीर | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 300 | कटक | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 301 | ढेंकनाल | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 302 | जगतसिंहपुर | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 303 | जाजपुर | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 304 | केंद्रपाड़ा | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 305 | क्योंझर | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 306 | कोरापुट | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 307 | नबरंगपुर | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 308 | फूलबनी | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 309 | पुरी | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 310 | राउरकेला | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 311 | संबलपुर | ओडिशा | भुवनेश्वर |
| 312 | कराईकल | पुडुचेरी | तिरुचिरापल्ली |
| 313 | पुडुचेरी | पुडुचेरी | तिरुचिरापल्ली |
| 314 | फिरोजपुर | पंजाब | अमृतसर |
| 315 | अमृतसर | पंजाब | अमृतसर |
| 316 | बसी पटाना | पंजाब | चंडीगढ़ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 317 | बठिंडा | पंजाब | चंडीगढ़ |
| 318 | मलेरकोटला | पंजाब | चंडीगढ़ |
| 319 | पटियाला | पंजाब | चंडीगढ़ |
| 320 | रोपड़ | पंजाब | चंडीगढ़ |
| 321 | होशियारपुर | पंजाब | जालंधर |
| 322 | जालंधर -1 | पंजाब | जालंधर |
| 323 | जालंधर -2 | पंजाब | जालंधर |
| 324 | मोगा | पंजाब | जालंधर |
| 325 | पठानकोट | पंजाब | जालंधर |
| 326 | फगवाड़ा | पंजाब | जालंधर |
| 327 | अजमेर | राजस्थान | जयपुर |
| 328 | अलवर | राजस्थान | जयपुर |
| 329 | बांसवाड़ा | राजस्थान | जयपुर |
| 330 | बाड़मेर | राजस्थान | जयपुर |
| 331 | भरतपुर | राजस्थान | जयपुर |
| 332 | भीलवाड़ा | राजस्थान | जयपुर |
| 333 | बीकानेर | राजस्थान | जयपुर |
| 334 | चित्तौड़गढ़ | राजस्थान | जयपुर |
| 335 | चुरू | राजस्थान | जयपुर |
| 336 | दौसा | राजस्थान | जयपुर |
| 337 | हनुमानगढ़ | राजस्थान | जयपुर |
| 338 | जयपुर | राजस्थान | जयपुर |
| 339 | जैसलमेर | राजस्थान | जयपुर |
| 340 | झालावाड़ | राजस्थान | जयपुर |
| 341 | झुंझुनू | राजस्थान | जयपुर |
| 342 | जोधपुर | राजस्थान | जयपुर |
| 343 | कांकरोली | राजस्थान | जयपुर |
| 344 | करौली-धौलपुर | राजस्थान | जयपुर |
| 345 | कोटा | राजस्थान | जयपुर |
| 346 | कोटपुतली | राजस्थान | जयपुर |
| 347 | नागौर | राजस्थान | जयपुर |
| 348 | पाली | राजस्थान | जयपुर |
| 349 | प्रतापगढ़ | राजस्थान | जयपुर |
| 350 | सवाई माधोपुर | राजस्थान | जयपुर |
| 351 | सीकर | राजस्थान | जयपुर |
| 352 | सिरोही | राजस्थान | जयपुर |
| 353 | श्रीगंगानगर | राजस्थान | जयपुर |
| 354 | उदयपुर | राजस्थान | जयपुर |
| 355 | अमिंजीकराई | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 356 | अरणि | तमिलनाडु | चेन्नई |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 357 | चेन्नई जीपीओ | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 358 | चिदंबरम | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 359 | कुड्डालोर | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 360 | धर्मपुरी | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 361 | कल्लाकुरिची | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 362 | कांचीपुरम | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 363 | कृष्णागिरी | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 364 | रानीपेट | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 365 | सालीग्रामम | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 366 | ताम्बरम | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 367 | तिरुवल्लुर | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 368 | तिरुवन्नामलाई | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 369 | वेल्लोर | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 370 | विलुप्पुरम | तमिलनाडु | चेन्नई |
| 371 | कोयंबटूर | तमिलनाडु | कोयंबटूर |
| 372 | कुन्नूर | तमिलनाडु | कोयंबटूर |
| 373 | इरोड | तमिलनाडु | कोयंबटूर |
| 374 | रासिपुरम | तमिलनाडु | कोयंबटूर |
| 375 | सलेम | तमिलनाडु | कोयंबटूर |
| 376 | बोदिनेयाकनूर | तमिलनाडु | मदुरै |
| 377 | देवाकोत्तई | तमिलनाडु | मदुरै |
| 378 | कोडाईरोड | तमिलनाडु | मदुरै |
| 379 | मदुरै | तमिलनाडु | मदुरै |
| 380 | नागरकोइल | तमिलनाडु | मदुरै |
| 381 | राजपलयम | तमिलनाडु | मदुरै |
| 382 | रामथपुरम | तमिलनाडु | मदुरै |
| 383 | थूथुकुडी | तमिलनाडु | मदुरै |
| 384 | तिरुनेलवेली शहर | तमिलनाडु | मदुरै |
| 385 | विरुधुनगर | तमिलनाडु | मदुरै |
| 386 | करूर | तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली |
| 387 | पेरम्बलुर | तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली |
| 388 | सिरकली | तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली |
| 389 | तंजावुर | तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली |
| 390 | थिरूथुरईपूंडी | तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली |
| 391 | तिरुचिरापल्ली | तमिलनाडु | तिरुचिरापल्ली |
| 392 | अमीरपेट | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 393 | आदिलाबाद | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 394 | बेगमपेट | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 395 | भोंगीर | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 396 | कामारेड्डी | तेलंगाना | हैदराबाद |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 397 | करीमनगर | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 398 | खम्मम | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 399 | महबुबाबाद | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 400 | मनचेरियल | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 401 | मेडक | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 402 | मेडचाल | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 403 | महबूबनगर | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 404 | नलगोंडा | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 405 | निजामाबाद | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 406 | सिद्दीपेट | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 407 | तोली चौकी | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 408 | विकाराबाद | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 409 | वानापार्थी | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 410 | वारंगल | तेलंगाना | हैदराबाद |
| 411 | अगरतला | त्रिपुरा | कोलकाता |
| 412 | धर्मनगर | त्रिपुरा | कोलकाता |
| 413 | अमरोहा | उत्तर प्रदेश | बरेली |
| 414 | बदायूं | उत्तर प्रदेश | बरेली |
| 415 | बिजनौर | उत्तर प्रदेश | बरेली |
| 416 | मुरादाबाद | उत्तर प्रदेश | बरेली |
| 417 | पीलीभीत | उत्तर प्रदेश | बरेली |
| 418 | रामपुर | उत्तर प्रदेश | बरेली |
| 419 | शाहजहांपुर | उत्तर प्रदेश | बरेली |
| 420 | बरेली | उत्तर प्रदेश | उत्तर प्रदेश |
| 421 | अचनेरा | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 422 | आगरा | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 423 | अलीगढ़ | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 424 | बागपत | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 425 | बुलंदशहर | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 426 | गाज़ियाबाद | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 427 | हाथरस | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 428 | मेरठ | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 429 | मुजफ्फरनगर | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 430 | नोएडा | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 431 | सहारनपुर | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 432 | वृंदावन | उत्तर प्रदेश | गाज़ियाबाद |
| 433 | इलाहाबाद | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 434 | अम्बेडकर नगर | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 435 | अमेठी | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 436 | अयोध्या | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 437 | आजमगढ़ | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 438 | बहराइच | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 439 | बलिया | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 440 | बलरामपुर | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 441 | बांदा | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 442 | भदोही | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 443 | चुनार | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 444 | देवरिया | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 445 | फर्रुखाबाद | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 446 | फतेहपुर | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 447 | गाजीपुर | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 448 | गोंडा | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 449 | गोरखपुर | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 450 | गोशी (मऊ) | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 451 | हमीरपुर | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 452 | हरदोई | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 453 | जौनपुर | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 454 | झांसी | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 455 | कानपुर | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 456 | खीरि | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 457 | लखनऊ | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 458 | महाराजगंज | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 459 | मिसरिख | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 460 | प्रतापगढ़ | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 461 | रायबरेली | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 462 | सिद्धार्थ नगर | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 463 | सीतापुर | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 464 | सुल्तानपुर | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 465 | उन्नाव | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 466 | वाराणसी | उत्तर प्रदेश | लखनऊ |
| 467 | अल्मोड़ा | उत्तराखंड | देहरादून |
| 468 | देहरादून | उत्तराखंड | देहरादून |
| 469 | काठगोदाम | उत्तराखंड | देहरादून |
| 470 | नैनीताल | उत्तराखंड | देहरादून |
| 471 | रुड़की | उत्तराखंड | देहरादून |
| 472 | रुद्रपुर | उत्तराखंड | देहरादून |
| 473 | श्रीनगर | उत्तराखंड | देहरादून |
| 474 | अलीपुरद्वार | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 475 | अमता | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 476 | आरामबाग | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 477 | आसनसोल | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 478 | अशोक नगर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 479 | बेलूरघाट | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 480 | बनगाँव | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 481 | बांकुरा | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 482 | बर्धमान | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 483 | बैरकपुर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 484 | बशीरहाट | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 485 | बीडॉन स्ट्रीट | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 486 | बरहामपुर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 487 | बिश्नुपुर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 488 | बोलपुर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 489 | कैनिंग रोड फेरी घाट | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 490 | चिनसुराह | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 491 | कूचबिहार | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 492 | दार्जिलिंग | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 493 | डायमंड हार्बर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 494 | दम दम | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 495 | गंगटोक | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 496 | घातल | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 497 | हावड़ा | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 498 | जादवपुर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 499 | जलपाईगुड़ी | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 500 | झारग्राम | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 501 | जियागंज | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 502 | काकद्वीप | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 503 | कांठी | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 504 | कटवा | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 505 | खड़गपुर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 506 | कोलकाता | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 507 | कृष्णनगर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 508 | मकदुमपुर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 509 | उत्तर दिनाजपुर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 510 | पुरुलिया | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 511 | रघुनाथगंज | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 512 | रामपुरहाट | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 513 | रानाघाट | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 514 | सम्सी | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 515 | श्रीरामपुर | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |
| 516 | सिलीगुड़ी | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 517 | तामलुक | पश्चिम बंगाल | कोलकाता |

***

## पासपोर्ट नियमों का सरलीकरण

पासपोर्ट जारी करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, उदार एवं आसान बनाने के उद्देश्य से विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट नीति के क्षेत्र में कई कदम उठाए हैं। उठाए गए इन कदमों का ब्योरा नीचे दिया गया हैः

### (क) जन्म तिथि के प्रमाण के समर्थन में दस्तावेज़

पासपोर्ट नियमावली, 1980 के मौजूदा सांविधिक प्रावधानों के अनुसार, पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए 26.01.1989 को अथवा उसके बाद जन्मे सभी आवेदकों को अब तक अनिवार्यतः जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में जन्म प्रमाण-पत्र जमा करना पड़ता था। अब यह निर्णय लिया गया है कि पासपोर्ट प्राप्त करने वाले सभी आवेदक पासपोर्ट आवेदन जमा करते समय जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में निम्नलिखित में से कोई एक दस्तावेज जमा कर सकते हैं:

(i) भारत में जन्मे किसी बच्चे के जन्म को पंजीकृत करने हेतु जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रार अथवा नगर निगम अथवा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण अधिनियम 1969 के तहत अधिकार प्राप्त किसी अन्य निर्धारित प्राधिकरण द्वारा जारी जन्म प्रमाण-पत्र (बीसी);

(ii) अंतिम स्कूल/मान्यता प्राप्त शैक्षणिक बोर्ड द्वारा जारी स्थानांतरण/स्कूल परित्याग/मेट्रीकुलेशन प्रमाण-पत्र जिस पर आवेदक की जन्मतिथि अंकित हो;

(iii) आयकर विभाग द्वारा जारी पैनकार्ड जिस पर आवेदक की जन्मतिथि अंकित हो;

(iv) आधार कार्ड/ई-आधार जिस पर आवेदक की जन्मतिथि अंकित हो;

(v) आवेदक के सर्विस रिकार्ड (केवल सरकारी कर्मचारियों के संबंध में) अथवा पे पेंशन आर्डर (सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों के संबंध में) के कुछ हिस्से की प्रति जिसे आवेदक के संबंधित मंत्रालय/विभाग के प्रशासन के अधिकारी/प्रभारी द्वारा विधिवत अभिप्रमाणित/प्रमाणित किया गया हो तथा जिस पर आवेदक की जन्मतिथि अंकित हो;

(vi) संबंधित राज्य सरकार के परिवहन विभाग द्वारा जारी ड्राइविंग लाईसेंस जिस पर आवेदक की जन्मतिथि अंकित हो;

(vii) भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी चुनाव फोटो पहचान-पत्र (ईपीआईसी) जिस पर आवेदक की जन्मतिथि अंकित हो;

(viii) सार्वजनिक जीवन बीमा कॉरपोरेशन/कंपनियों द्वारा जारी पॉलिसी बॉड जिस पर बीमा पॉलिसीधारक की जन्मतिथि अंकित हो;

### ख. अन्य फेरबदल:

(i) अब से ऑनलाइन पासपोर्ट आवेदन पर आवेदक द्वारा केवल पिता अथवा माता अथवा कानूनी अभिभावक का नाम लिखना अपेक्षित है अर्थात केवल माता या पिता न कि दोनों का नाम लिखना। इससे एकल माता-पिता के लिए अपने बच्चों हेतु पासपोर्ट के लिए आवेदन करना संभव हो सकेगा और साथ ही ऐसे पासपोर्ट भी जारी करना संभव हो सकेगा जहां आवेदक के अनुरोध पर या तो पिता अथवा माता का नाम लिखना अपेक्षित नहीं है।

(ii) पासपोर्ट नियमावली, 1980 में निर्धारित कुल अनुबंधों की संख्या को 15 से कम करके 9 कर दिया गया है।

(iii) आवेदकों द्वारा अपेक्षित सभी अनुबंध सादे कागज पर स्वघोषणा के रूप में देना अपेक्षित होगा। अब से किसी भी नोटरी/कार्यकारी मजिस्ट्रेट/प्रथम श्रेणी के न्यायायिक मजिस्ट्रेट द्वारा साक्ष्यांकन/ उनके समक्ष शपथ लेना अपेक्षित नहीं होगा।

(iv) विवाहित आवेदकों को पुराना अनुबंध ट अथवा कोई विवाह प्रमाण-पत्र देना आवश्यक नहीं होगा।

(v) अलग हुए अथवा तलाकशुदा व्यक्तियों के मामले में पासपोर्ट आवेदन फार्म पर पति/पत्नी के नाम का उल्लेख करना आपेक्षित नहीं होगा। ऐसे आवेदकों को पासपोर्ट के लिए तलाक आदेश प्रस्तुत करना भी आपेक्षित नहीं होगा।

(vi) विवाहेतर जन्मे बच्चों के मामले में, आवेदक को ऐसे बच्चों के पासपोर्ट प्राप्त करने हेतु, पासपोर्ट आवेदन करते समय केवल वर्तमान अनुबंध ग प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(vii) देश में घरेलू स्तर पर गोद लिए गए बच्चों के लिए पासपोर्ट जारी करने के मामले में गोद लेने संबंधी पंजीकृत विलेख प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी। इस प्रकार के विलेख न होने की स्थिति में पासपोर्ट आवेदक गोद लेने की पुष्टि करने के बाबत सादे कागज पर स्वघोषणा प्रस्तुत कर सकता है।

(viii) सरकारी कर्मचारी जो अपने संबंधित नियोक्ता से पहचान प्रमाण-पत्र (वर्तमान अनुबंध क)/अनापत्ति प्रमाण-पत्र (वर्तमान अनुबंध छ) नहीं प्राप्त कर सका हो और वे तत्काल आधार पर पासपोर्ट प्राप्त करना चाहते हों, तो अब वर्तमान अनुबंध-'ञ' में इस बाबत एक स्वघोषणा प्रस्तुत करते हुए पासपोर्ट प्राप्त कर सकते हैं और इस बात का उल्लेख कर सकते हैं कि उन्होंने अपने नियोक्ता को इस बाबत पूर्व सूचना दे दी है कि वह पासपोर्ट जारीकर्ता प्राधिकारी को सामान्य पासपोर्ट के लिए आवेदन कर रहा है।

(ix) साधु/संन्यासी पासपोर्ट के लिए आवेदन कर सकते हैं और उन्हें अपने माता-पिता के नाम के स्थान पर अपने आध्यात्मिक गुरु का नाम लिखना होगा, बशर्ते भारत के चुनाव आयोग द्वारा जारी चुनाव फोटो पहचानपत्र, पैनकार्ड, आधार कार्ड आदि जैसे कम-से-कम एक सार्वजनिक दस्तावेज प्रस्तुत किया जाए जिनमें उनके माता-पिता के नाम के स्थान पर उनके गुरु का नाम दर्ज हो।

(x) अनाथ बच्चे जिनके पास जन्मतिथि का कोई सबूत न हो जैसे जन्म प्रमाण-पत्र अथवा मेट्रिकुलेशन प्रमाण-पत्र अथवा घोषणात्मक न्यायालय आदेश न हो, वे उस अनाथालय/शिशु देखभाल केंद्र के प्रमुख द्वारा संगठन के शासकीय लेटर हेड पर आवेदक की जन्मतिथि की पुष्टि कराके घोषणा संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत कर सकते हैं।

(xi) पासपोर्ट के लिए आवेदन कर रहे आवेदक को पासपोर्ट आवेदन जमा कराते समय जन्मतिथि के प्रमाण के रूप में उपर्युक्त (क) में उल्लिखित दस्तावेजों में से कोई एक दस्तावेज़ जमा कराना होगा। दस्तावेज में उल्लिखित जन्मतिथि पासपोर्ट में दर्ज हो जाएगी। यदि पासपोर्ट में पूर्व में दर्ज जन्मतिथि और आवेदक द्वारा जन्मतिथि के नए प्रमाण में भिन्नता होती है तो पासपोर्ट जारीकर्ता प्राधिकारी (पीआईए) दावे की सत्यता सिद्ध करने के लिए जन्मतिथि में परिवर्तन की मांग कर रहे प्रत्येक आवेदक (चाहे पासपोर्ट जारी होने की अवधि कितनी भी हो गई हो) के स्पष्टीकरण पर विचार करने के लिए प्राधिकृत है और यदि पीआईए आवेदक के दावे तथा उस दावे के समर्थन में जमा किए गए दस्तावेजों से संतुष्ट होता है तो पीआईए आवेदक द्वारा संशोधित जन्मतिथि के साथ पासपोर्ट जारी करने के ऐसे सभी अनुरोध को स्वीकार कर सकता है।

(xii) गैर-ईसीआर (उत्प्रवासन जांच अनपेक्षित) पासपोर्ट जारी करने के लिए मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा संगठन के शैक्षिक प्रमाणपत्र जैसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर के प्रमाणपत्र या मिडिल इयर प्रोग्राम, अंतर्राष्ट्रीय स्तर के डिप्लोमा, आईजीसीएसई/जीसीएसई प्रमाणपत्र, कैंब्रिज इंटरनेशनल सिस्टम (ओ और ए स्तर) स्वीकार किए जाते हैं।

(xiii) सरोगेट बच्चों के लिए पासपोर्ट जारी करने के मामले में, अब पंजीकृत सरोगेट करार प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है। पासपोर्ट आवेदक अन्य अपेक्षित दस्तावेजों के अतिरिक्त नोटरी सरोगेट करार जमा कर सकता है।

(xiv) 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों और आगे के हाथों से वंचित उन शारीरिक रूप से नि:शक्त व्यक्तियों को पासपोर्ट प्राधिकारी को बायोमैट्रिक ब्यौरा (10 उंगली के छाप) देने से छूट दी गई है अन्यथा प्रत्येक मामले में यह अनिवार्य है।

(xv) पंजीकृत किराया करार के न होने के कारण आवेदकों द्वारा सामना की जा रही कठिनाइयों को दूर करना, गैर-पंजीकृत किराया करार पासपोर्ट जारी करने के लिए वैध पता साक्ष्य के रूप में निर्धारित किया गया है।

(xvi) अब किसी राजपत्रित अधिकारी से सत्यापन प्रमाण-पत्र प्रदान कराए बिना भी 'तत्काल' योजना के तहत पासपोर्ट प्राप्त किए जा सकते हैं जबकि पूर्व में यह आवश्यक था। आवेदक पासपोर्ट प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित दस्तावेज़ों में कोई तीन दस्तावेज़ प्रस्तुत कर सकते हैं:

क. आधार कार्ड/ई-आधार जिसमें 12 अंकों वाली आधार संख्या हो/ यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथोरिटी ऑफ इंडिया (यूआईडीएआई) द्वारा जारी आधार नामांकन पर्ची जिस पर 28 अंकों वाली आधार नामांकन आईडी छपी हो;

ख. मतदाता फोटो पहचान कार्ड (ईपीआईसी);

ग. स्थायी खाता संख्या (पैन) कार्ड;

घ. ड्राइविंग लाइसेंस (वैध तथा जो उस राज्य के क्षेत्राधिकार में हो जहाँ आवेदक ने आवेदन जमा कराया है);

ङ बैंक/किसान/डाकघर पासबुक;

च. किसी शैक्षिक संस्थान द्वारा जारी छात्र फोटो पहचानपत्र;

छ. जन्म तथा मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 (1969 का 18) के तहत जारी जन्म प्रमाणपत्र;

ज. राज्य अथवा केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, स्थानीय निकायों अथवा पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी सेवा फोटो पहचान पत्र;

झ. पेंशन दस्तावेज़ जैसे भूतपूर्व सैनिक पेंशन पुस्तिका अथवा पेंशन भुगतान आदेश, भूतपूर्व सैनिक की विधवा अथवा आश्रित प्रमाणपत्र, वृद्धावस्था पेंशन आदेश;

ञ. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र;

ट. शस्त्र अधिनियम, 1959 (1959 का 54) के तहत जारी शस्त्र लाइसेंस;

ठ. राशन कार्ड; और

ड. जारी किया गया पिछला पासपोर्ट (केवल पुनः जारी करने की स्थिति में)।

***